राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## पंजाब के राज्यपाल श्री पुरोहित की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर, 2 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से रविवार को राजभवन में पंजाब के राज्यपाल श्री बनवारीलाल पुरोहित ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

-----

## भगवान महावीर जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 2 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती (3 अप्रैल) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने संदेश में सभी से आह्वान किया है कि भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के संदेश को आत्मसात करें तथा प्रेम, दया और करूणा के मार्ग पर चलते हुए एक आदर्श एवं समरस समाज के निर्माण में योगदान दें।

------